卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 206 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦3 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

UTTARANCHAL DARPAN

## एसी ब्लास्ट से नौ लोगों की मौत

नई दिल्ली (उद संवाददाता)। दिल्ली के शाहदरा जिले के विवेक विहार इलाके में रविवार तड़के एक चार मंजिला इमारत में भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। इस हृदय विदारक घटना में अब तक 9 लोगों की मृत्यु होने की पुष्टि हुई है, जबकि दर्जनों लोग घायल बताए जा रहे हैं। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट के बाद एयर कंडीशनर का फटना माना जा रहा है। फायर कंट्रोल रूम को घटना की सूचना सुबह करीब 3:47 बजे मिली, जिसके तुरंत बाद राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। आग की भयावहता को देखते हुए दमकल विभाग की 14 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। फायर ऑफिसर मुकेश वर्मा के अनुसार, दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद सुबह लगभग 6:25 बजे आग पर काबू पाया। बचाव अभियान के दौरान 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, लेकिन इस दौरान 9 शव भी बरामद किए गए। डीसीपी शाहदरा आर.पी. मीणा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक एजेंसियां सक्रिय हो गई थीं। उनकी प्राथमिकता फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालना और घायलों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराना रहा। स्थानीय लोगों के (शेष पृष्ठ सात पर)



## आंधी का कहर, 22पर्यटकों को किया रेस्क्यू

### फ्लोटिंग हटमेंट टूट कर क्षतिग्रस्त हुए,मुख्य सचिव ने डीएम से मांगी रिपोर्ट


नई टिहरी। टिहरी बांध की झील में डोबरा-चाटी के समीप शनिवार देर शाम आए भीषण आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं के दबाव के कारण झील में पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहे फ्लोटिंग हटमेंट टूट कर क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, एसडीआरएफ की टीम ने तत्परता दिखाते हुए एक बड़े हादसे को टाल दिया और हटमेंट में फंसे सभी 22 पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। शनिवार रात लगभग 8 बजे आपदा कंट्रोल रूम, टिहरी के माध्यम से सूचना मिलते ही एसडीआरएफ पोस्ट कोटी कॉलोनी से उपनिरीक्षक नरेंद्र राणा के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम आवश्यक उपकरणों के साथ तत्काल मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर हटमेंट आंधी के कारण क्षतिग्रस्त होकर बह रहे थे। टीम ने रात के अंधेरे और खराब मौसम के बीच रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और हटमेंट में फंसे 22 पर्यटकों को पर्यटन विभाग की बोट की सहायता से सुरक्षित कोटी कॉलोनी पहुंचाया। राहत (शेष पृष्ठ सात पर)



## आपरेशन नाइट स्ट्राइक, 35 गिरफ्तार, 38 वाहन सीज

### एसएसपी के नेतृत्व में रात भर चला सघन चेकिंग अभियान, मचा हड़कम्प

देहरादून। वीकेंड की रात दून पुलिस ने सड़कों पर ऐसा सख्त पहरा बिठाया कि नियम तोड़ने वालों की शामत आ गई। देहरादून एसएसपी के नेतृत्व में चलाए गए ऑपरेशन नाइट स्ट्राइक के तहत पूरे जनपद में देर रात तक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के हिस्से के रूप में पुलिस की अलग-अलग टीमों ने बार, डीजे और सड़कों पर मोर्चा संभाले रखा। रात भर चली इस कार्रवाई में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने सबसे सख्त रुख अपनाया। अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 35 लोगों को ड्रंक एंड ड्राइव के आरोप में गिरफ्तार कर हवालात भेजा गया। पुलिस की इस कार्रवाई से बेखौफ घूमने वालों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि नियमों की अनदेखी अब भारी पड़ेगी। ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर पुलिस ने व्यापक स्तर पर चालान और जब्ती की कार्रवाई की। अभियान के दौरान कुल 91 वाहन चालकों के चालान किए गए और 68,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही 38 वाहनों को सीज किया गया और 40 चालकों के कोर्ट चालान किए गए। देर रात सड़कों पर घूम रहे लोगों की गहन जांच और पूछताछ की गई। पुलिस ने 600 से अधिक व्यक्तियों को रोककर उनका सत्यापन किया। इस दौरान 75 संदिग्ध व्यक्तियों का पुलिस एक्ट में चालान किया गया, जबकि 18 संदिग्धों को बीएनएसएस की धारा 172 के (शेष पृष्ठ सात पर)



## कार की टक्कर से ई रिक्शा चालक और यात्री घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हल्द्वानी मार्ग पर दशमेश द्वार के सामने टुकटुक की कार से हुई टक्कर में टुकटुक चालक व उसमें सवार एक बुजुर्ग यात्री घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जानकारी के अनुसार सुभाष कालोनी निवासी टुकटुक चालक एक बुजुर्ग यात्री को लेकर डीडी चौक से आवास विकास की ओर जा रहा था। जब उसने दशमेश द्वार के सामने बने कट से अपना टुकटुक आवास विकास जाने को मोड़ा इसी दौरान हल्द्वानी की ओर से आ रही कार के चालक ने टुकटुक को टक्कर मार दी। जिससे चालक सुभाष व बुजुर्ग यात्री (शेष पृष्ठ सात पर)



## चंपावत में दस दिवसीय गोल्ज्यू महोत्सव कल से

### मुख्यमंत्री धामी करेंगे भव्य महोत्सव का शुभारंभ

चंपावत। न्याय के देवता भगवान गोल्ज्यू की पावन भूमि चम्पावत में नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित ऐतिहासिक 'गोल्ज्यू महोत्सव-2026' का भव्य शुभारंभ कल 04 मई से गोरलचौड़ मैदान में होने जा रहा है। इस महोत्सव का विधिवत उद्घाटन प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। 13 मई तक चलने वाले इस 10 दिवसीय महोत्सव में धार्मिक आस्था, समृद्ध लोक संस्कृति और स्थानीय प्रतिभाओं का अनुपम संगम देखने को मिलेगा। महोत्सव का शुभारंभ प्रथम दिवस प्रातःकाल भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, जिसके उपरांत स्वागत- अभिनंदन समारोह एवं विद्यालयों व सांस्कृतिक दलों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। नगर पालिका परिषद चम्पावत की अध्यक्ष श्रीमती प्रेमा पाण्डेय एवं अधिशासी अधिकारी भरत त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि 04, 05 एवं 06 मई को प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 'स्टार नाइट' का भव्य आयोजन किया जाएगा। वहीं 5 और 6 मई को सायं 4 बजे से स्थानीय कलाकारों एवं विद्यालयी बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशेष प्रस्तुतियां होंगी। महोत्सव के (शेष पृष्ठ सात पर)



## रोडवेज बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत में 12 से अधिक महिलाएं घायल

हरिद्वार (उद संवादाता)। जनपद के रुड़की क्षेत्र स्थित मंगलौर में रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहाँ एक तेज रफ्तार हरियाणा रोडवेज की बस ने महिलाओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली पलट गई और उसमें सवार 12 से ज्यादा महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसा इतना जबरदस्त था कि टक्कर के बाद ट्रॉली ने अपने आगे चल रही उपलों से भरी एक अन्य ट्रॉली को भी अपनी चपेट में ले लिया। यह दुर्घटना सुबह करीब 11 बजे मंगलौर कोतवाली से महज 50 कदम की दूरी पर हाईवे पर हुई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार, जब ट्रैक्टर-ट्रॉलियां कोतवाली के सामने पहुंचीं, तभी पीछे से आ रही हरियाणा रोडवेज की बस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर भीड़ इकट्ठा होते देख रोडवेज बस का चालक वाहन सहित घटनास्थल से फरार हो गया। सड़क पर उपले बिखरने और( शेष पृष्ठ सात पर)



## विधायक पांडेय स्थिति करें स्पष्ट, भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व सख्त

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के फोन करने पर विधायक पांडे का फोन मिला बंद,नहीं हुई बातचीत

देहरादून। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक कथित पत्र ने प्रदेश की राजनीति में हलचल मचा दी है। गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय के नाम से प्रसारित इस पत्र को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने सख्त रुख अपनाते हुए उनसे पूरे प्रकरण पर विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मामले को गंभीर बताते हुए स्वयं विधायक से संपर्क साधने का प्रयास किया, हालांकि फोन बंद होने के कारण उनसे बातचीत नहीं हो सकी। यह मामला केवल प्रदेश संगठन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने भी वायरल पत्र का संज्ञान लिया है। बताया जा रहा है कि केंद्रीय स्तर से पार्टी नेतृत्व ने इस प्रकरण पर रिपोर्ट तलब की है और स्थिति की सच्चाई जानने के लिए आंतरिक स्तर पर पड़ताल शुरू कर दी गई है। पार्टी यह जानना चाहती है कि पत्र वास्तविक है या किसी राजनीतिक षड्यंत्र के तहत तैयार कर वायरल किया गया है। आपको बता दे कि शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर विधायक अरविंद पांडेय के नाम से एक पत्र तेजी से वायरल हुआ। पत्र के सार्वजनिक होते ही राजनीतिक हलकों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। विपक्षी दल कांग्रेस ने इस मुद्दे को हाथोंहाथ लेते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि यदि यह पत्र वास्तविक है, तो यह सरकार के भीतर असंतोष को दर्शाता है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराने और सच्चाई जनता के सामने लाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा को इस पर स्पष्ट स्थिति रखनी चाहिए। इस पूरे घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने स्पष्ट किया कि पार्टी कार्यालय को ऐसा कोई पत्र आधिकारिक रूप से प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल सामग्री के आधार पर किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। भट्ट ने कांग्रेस से भी सवाल करते हुए कहा कि जिस पत्र का हवाला दिया जा रहा है, उसके प्रमाण सार्वजनिक किए जाएं। उन्होंने यह भी दोहराया कि यदि कोई फर्जी या भ्रामक पत्र जानबूझकर वायरल किया गया है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही विधायक अरविंद पांडेय को निर्देशित किया गया है कि वे जल्द से जल्द मीडिया और पार्टी मंच पर आकर पूरे मामले पर स्थिति स्पष्ट करें, ताकि किसी भी प्रकार की भ्रांतियों को दूर किया जा सके। सूत्रों का कहना है कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश संगठन से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। केंद्रीय स्तर पर यह भी देखा जा रहा है कि कहीं यह मामला पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने की साजिश तो नहीं है। पार्टी के भीतर अनुशासन बनाए रखने और किसी भी प्रकार की गलत सूचना पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के संकेत दिए गए हैं। अब तक इस पूरे मामले में विधायक अरविंद पांडेय की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। उनकी चुप्पी के चलते राजनीतिक गलियारों में अटकलों का बाजार गर्म है। विभिन्न स्तरों पर इस बात को लेकर चर्चा हो रही है कि आखिर पत्र की वास्तविकता क्या है और इसके पीछे की मंशा क्या हो सकती है। इस प्रकरण ने प्रदेश की सियासत को एक बार फिर (शेष पृष्ठ सात पर)



# घोषणाओं के क्रियान्वयन हेतु मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए कड़े दिशा निर्देश

## 15 जून तक लंबित शासनादेश जारी करने और हर ब्लॉक में बालिका छात्रावास खोलने का निर्णय

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि 15 जून 2026 तक सभी लंबित घोषणाओं के शासनादेश अनिवार्य रूप से जारी कर दिए जाएं। उन्होंने कहा कि बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, सड़क और मानव वन्यजीव संघर्ष से जुड़ी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यमकेश्वर, पौड़ी, श्रीनगर, चौबट्टाखाल, लैंसडाउन और कोटद्वार विधानसभा क्षेत्रों की घोषणाओं की प्रगति जांची और निर्देश दिए कि कार्यों की प्रभावी निगरानी के लिए प्रोग्राम इवैल्यूएशन एंड रिव्यू टेक्निक पीईआरटी चार्ट तैयार किया जाए।मुख्यमंत्री ने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि राज्य के प्रत्येक विकासखंड में बालिकाओं के लिए एक छात्रावास बनाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को सर्वाधिक छात्राओं वाले विद्यालयों को चिन्हित कर भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रघुनाथ मंदिर, कोट ब्लॉक स्थित लक्ष्मण मंदिर तथा फलस्वाड़ी स्थित सीता माता मंदिर को धार्मिक सर्किट के रूप में भव्यता से विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि विधायकगणों द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता पर समाधान सुनिश्चित करें।बैठक में मुख्यमंत्री ने केंद्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्तावों पर मानकों के अनुरूप कार्यवाही करने और पौड़ी में युवाओं की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मल्टीपरपज हॉल बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने रोपवे प्रकरणों की अलग से समीक्षा करने, पार्किंग समस्या का समाधान करने और सरकारी कार्यालयों में अनिवार्य रूप से सोलर पैनल लगाने पर जोर दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, धन सिंह रावत, विधायक रेनू बिष्ट, राजकुमार पोरी, दलीप सिंह रावत, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, रविनाथ रमन, पंकज कुमार पांडेय, आर राजेश कुमार, रणवीर सिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पाण्डेय और जिलाधिकारी पौड़ी स्वाति भदौरिया वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री धामी ने नगाण गांव की श्रीमद्भागवत कथा में लिया आशीर्वाद

उत्तरकाशी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तहसील बड़कोट के नगाण गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों के साथ आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया और भगवान की कथा श्रवण कर प्रदेश की सुख समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। शनिवार को भाजपा मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान की धर्मपत्नी स्वर्गीय उमा के वार्षिक श्राद्ध पर आयोजित इस श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं तब से देश में सनातन धर्म का स्वर्णिम युग आया



है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के अनुश्रवण से मनुष्य की बुद्धि और विवेक जागृत होता है साथ ही पितरों को भी बैकुंठ धाम की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नगाण गांव के ग्राम प्रधान की मांग पर गांव में बारात घर बनाने का आश्वासन भी दिया। इस महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन में कैबिनेट मंत्री खजान दास, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, पुरोला विधायक दुर्गेश्वरलाल, गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान, डीएम प्रशांत आर्य, एसपी कमलेश उपाध्याय सहित तमाम जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा ने सीएम समेत वरिष्ठ नेताओं से लिया आशीर्वाद

रूद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर मीना शर्मा ने अपने राजनीतिक अनुभव और जनसेवा के संकल्प के साथ भाजपा की नीतियों को आगे बढ़ाने की बात कही। भाजपा में शामिल होने के बाद मीना शर्मा ने कहा कि उन्होंने वर्षों तक कांग्रेस में रहकर सेवा की और महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया, लेकिन कांग्रेस की नीतियों और सोच से वह लगातार निराश होती गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले बिल का विरोध कर कांग्रेस ने अपने दोहरे चरित्र को उजागर किया है। एक ओर कांग्रेस महिलाओं को सशक्त बनाने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर ऐसे महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध कर देश की महिलाओं का अपमान करती है। मीना शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के पास न तो स्पष्ट नेतृत्व बचा है और न ही कोई ठोस नीति दिखाई देती है। उन्होंने रूद्रपुर में पूर्व विधायक से जुड़े एक वायरल ऑडियो प्रकरण का जिक्र करते हुए कहा कि जिस प्रकार से अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, वह किसी भी महिला के लिए असहनीय है, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस पार्टी ने उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इससे यह स्पष्ट होता है कि पार्टी अपनी ही महिला नेताओं के सम्मान के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा परिवार में शामिल होकर वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगी। साथ ही रूद्रपुर में विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व को मजबूती देते हुए आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में एक बार फिर कमल खिलाने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगी। उन्होंने कहा कि जहां भी पार्टी का आदेश होगा, वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगी और जन-जन तक भाजपा की नीतियों और योजनाओं को पहुंचाएंगी। वहीं विधायक शिव अरोरा ने कहा कि कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज बन चुकी है, जहां से लगातार कार्यकर्ता और नेता मोहभंग के चलते अलग हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मीना शर्मा के भाजपा में आने से पार्टी को उनके अनुभव और महिला वर्ग में उनकी मजबूत पकड़ का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी रूद्रपुर में कांग्रेस के कई बड़े चेहरे भाजपा का दामन थाम सकते हैं। विधायक शिव अरोरा ने मीना शर्मा का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि अब रूद्रपुर की जनता ऐसे नेताओं पर भरोसा नहीं करेगी, जिनकी सोच महिलाओं के प्रति नकारात्मक रही है। उन्होंने कहा कि पिछले समय में सामने आए ऑडियो और वीडियो के माध्यम से जनता सब कुछ देख चुकी है और आने वाले चुनाव में कांग्रेस का पूरी तरह सफाया होना तय है। उन्होंने विश्वास जताया कि तीसरी बार भी प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी और रूद्रपुर में कमल का फूल एक बार फिर खिलेगा।





# साइबर ठगों ने दो युवकों से लाखों रूपये हड़पे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साइबर ठगी कें दो अलग अलग मामलों में अज्ञात लोगों ने दो युवकों को अपने जाल में फंसाकर उनसे लाखों रूपये की ठगी कर ली। जानकारी के अनुसार ट्रांजिट कैम्प शिव सिटी कालोनी निवासी आनंद कुमार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 16 मार्च को उसके व्हाट्सएप पर एक एप्लीकेशन फाईल का मैसेज आया। जिसे उसने डाउनलोड़ कर लिया। उसका कहना है अगले दिन 17 मार्च को उसके मोबाईल पर मैसेज आया जिसमें उसके खाते से 1.17 लाख रूपये कटने की जानकारी मिली। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके खाते से उक्त रकम निकाल ली। वहीं दूसरे मामले में नगर निवासी जितेश अरोड़ा ने दी तहरीर में बताया कि उसने मोबाईल पर मोटर बाईक गेम डाउनलोड करने के लिए प्ले स्टोर का उपयोग किया। इसी दौरान गलती से तीन पत्ती (गोल्डन कार्ड पैक) नाम की एक अन्य एप्लीकेशन डाउनलोड हो गई। इस एप के माध्यम से उसके बैंक खाते से कुल 1.18 लाख रूपये की धनराशि कट गई। पुलिस ने ऑन लाईन ठगी के उक्त दोनों मामलों की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 80 लाख की ठगी मामले में पीड़ितों ने पुलिस को दी तहरीर

गदरपुर। एक युवक द्वारा खुद को सरकार से मान्यता प्राप्त बैंक कंपनी का संचालक बताकर लोगों को अपने झांसे में लेकर 80 लाख रुपये से अधिक की रकम ठग ली गई। पीड़ित लोगों ने पुलिस को तहरीर सौंपकर बताया कि आरोपी पहले भी धोखाधड़ी के मामले में जेल जा चुका है। उन्होंने पुलिस से प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। आर्य नगर निवासी गौरव अरोरा पुत्र जयप्रकाश अरोरा ने कोतवाली में तहरीर सौंपी। इसमें कहा है कि उसके साथी भूप सिंह निवासी ग्राम बघेलेवाला, विनोद अरोरा निवासी टांडा उज्जैन की वर्ष 2023 में शुगर फैक्टरी खड़कपुर देवीपुरा निवासी एक व्यक्ति से उनकी मुलाकात डॉक्टर लेन स्थित एक दुकान पर हुई थी। तब उस व्यक्ति ने बताया कि उसकी खुद की बैंक कंपनी है, जो सरकार से मान्यता प्राप्त है। वह समिति व्यवसाय का कार्य करता है। वह समिति के माध्यम से निवेश पर मोटा मुनाफा दिलाता है। गौरव ने बताया उस व्यक्ति के झांसे में आकर दिसंबर 2023 से अगस्त 2024 तक कई बार में नकद एक लाख 7 हजार रुपये उसको दे दिए जबकि भूप सिंह ने नवंबर 2023 से मार्च 2024 तक साढ़े सात लाख रुपये और विनोद अरोरा ने नकद व बैंक के माध्यम से साढ़े पांच लाख रुपये उसे दिए। इसके अलावा मोहल्ला कटरा मालियान निवासी शिवम अरोरा समेत कई लोगों ने अलग-अलग समय पर 78 लाख 46 हजार रुपये आरोपी व्यक्ति को सौंप दिए। काफी समय बीतने के बाद जब न कोई मुनाफा मिला और न ही मूलधन वापस हुआ, तब शक हुआ।

# ग्रामोत्थान परियोजना से बदली हेमा राय की तकदीर

चम्पावत (उद संवाददाता)। जनपद की ग्राम पंचायत चौड़ीराय निवासी हेमा राय आज ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वावलंबन की नई मिसाल बन चुकी हैं। एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली हेमा राय ने सीमित संसाधनों के बीच अपने जीवन को बेहतर बनाने का जो संकल्प लिया था, उसे ग्रामोत्थान परियोजना ने नई उड़ान दी है। पूर्व में उनके पास केवल दो गायें थीं जिनसे होने वाला दूध उत्पादन परिवार की बुनियादी जरूरतों के लिए भी बमुश्किल पर्याप्त था और आर्थिक तंगी के कारण वह अपना व्यवसाय बढ़ाने में असमर्थ थीं।इसी बीच आईएफएडी और केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्रामोत्थान परियोजना की टीम ने चौड़ीराय में बैठकों का आयोजन किया। इन बैठकों के माध्यम से हेमा को लघु उद्यम स्थापना योजना की जानकारी मिली। परियोजना के अधिकारियों ने उन्हें आर्थिक सहायता, बैंक ऋण और लाभार्थी अंशदान की प्रक्रिया के बारे में प्रेरित किया। मानकों पर खरा उतरने के बाद उनका चयन गाय पालन उद्यम के लिए किया गया। इसके तहत तीन लाख रुपये का प्रोजेक्ट तैयार किया गया, जिसमें परियोजना की ओर से 75 हजार रुपये का अनुदान, 1.50 लाख रुपये का बैंक ऋण और 75 हजार रुपये का व्यक्तिगत अंशदान शामिल रहा।इस वित्तीय सहयोग से हेमा ने तीन नई गायें खरीदीं जिससे अब उनके पास कुल पांच गायें हो गई हैं। बेहतर प्रबंधन और स्वच्छता के चलते उनका दूध उत्पादन बढ़ गया है। वर्तमान में वह प्रतिदिन लगभग 24 लीटर दूध का उत्पादन कर रही हैं जिसे स्थानीय बाजारों और डेयरी केंद्रों में बेचकर अच्छी आय प्राप्त कर रही हैं। इतना ही नहीं उन्होंने दूध से प्रतिमाह लगभग 10 से 12 किलो घी तैयार करना भी शुरू किया है जो 1000 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है। आज सभी खर्चे निकालने के बाद हेमा राय प्रतिमाह 10 हजार से 12 हजार रुपये की शुद्ध आय अर्जित कर रही हैं। हेमा की यह सफलता प्रमाण है कि सही मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता से ग्रामीण महिलाएं समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं। उनकी इस उपलब्धि ने गांव की अन्य महिलाओं में भी स्वरोजगार के प्रति नया उत्साह जगाया है।



# युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

काशीपुर। पत्नी के घर जाने की बात कहकर निकला एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। मामले में युवक की मां ने अपनी पुत्रवधु पर बेटे के अपहरण का आरोप लगाते हुए अनहोनी की आशंका जताई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू दी है। जानकारी के अनुसार, यूपी के रामपुर जिले के थाना स्वार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खानपुर मझरा रज्जावाला निवासी चंद्रवती पत्नी रामप्रसाद ने आईटीआई कोतवाली में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल को उनका पुत्र कुलवंत सिंह अपनी पत्नी गुड्डी, निवासी ग्राम बांसखेड़ा, घर जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन इसके बाद से वह वापस नहीं लौटा। चंद्रवती का आरोप है कि जब उन्होंने पुत्रवधु से जानकारी ली तो उसने बताया कि कुलवंत शाम को ही वहां से चला गया था। वहीं आसपास के लोगों से पूछताछ में सामने आया कि उसी दिन पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। आरोप है कि इसके बाद गुड्डी ने कुछ लोगों को बुलाकर कुलवंत को जबरन उठवा लिया। मां ने बेटे के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताई है। कोतवाल रवि कुमार सैनी ने बताया कि पुलिस ने आरोपों के आधार पर पुत्रवधु के खिलाफ बीएनएस की धारा 140(3) में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

# अधिकारियों को गाँवों में रात्रि विश्राम और संस्कृत के प्रयोग के निर्देश

## जनगणना 2027 की तैयारियों की समीक्षा के साथ विकास कार्यों में तेजी लाने पर दिया जोर

रूद्रपुर । सचिव, संस्कृत शिक्षा, जनगणना एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन दीपक कुमार की अध्यक्षता में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय परिसर में जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जनगणना एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिव दीपक कुमार ने निर्देश दिए कि जिला प्रशासन के अधिकारी गांवों में भ्रमण के दौरान कम से कम एक रात्रि विश्राम अवश्य करें, जिससे ग्रामीणों की वास्तविक समस्याओं को समझा जा सके एवं उनका प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। जनगणना 2027 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सचिव ने अब तक की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि समस्त कार्य पारदर्शिता एवं नियमानुसार किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों की ड्यूटी एक साथ न लगाई जाए, ताकि शैक्षणिक कार्य प्रभावित न हो और जनगणना कार्य भी सुचारू रूप से चलता रहे। साथ ही आमजन को जागरूक करने हेतु कहा कि किसी भी अपरिचित व्यक्ति को पहचान पत्र देखे बिना अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। इसके लिए पंतनगर स्थित रेडियो यंत्र एवं अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने भाषा के महत्व पर जोर देते हुए सचिव ने कहा कि हिंदी हमारी प्रथम राजभाषा तथा संस्कृत द्वितीय राजभाषा है। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्यालयों एवं अधिकारियों के नाम हिंदी के साथ-साथ संस्कृत में भी लिखे जाएं तथा इसके लिए आवश्यकतानुसार संस्कृत विभाग से अनुवाद कराया जाए। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थलों पर स्वागत संदेशों में भी संस्कृत के प्रयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। सचिव श्री दीपक कुमार ने विभागीय समीक्षा के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सीएचसी एवं पीएचसी केंद्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को देखते हुए टेलीमेडिसिन परामर्श की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को भी निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध हो सके। उन्होंने साइबर फ्रॉड एवं साइबर सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने "ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड" संकल्प के अंतर्गत ड्रग्स इंस्पेक्टर एवं पुलिस विभाग को समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त रूप से प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पर्यटन विभाग को निर्देशित किया गया कि जिले में होमस्टे की संख्या बढ़ाने हेतु प्रयासों में तेजी लाई जाए, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के साथ-साथ पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल सके। साथ ही गैस वितरण प्रणाली की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा करते हुए सचिव ने कहा कि सभी पात्र लाभार्थियों को योजना का पूर्ण लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा अधिक से अधिक लोगों का पंजीकरण किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति इस महत्वपूर्ण योजना से वंचित न रह जाए। बैठक के दौरान उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की भी विस्तृत समीक्षा की तथा उनकी प्रगति की अद्यतन स्थिति के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने समस्त संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि घोषणाओं से संबंधित कार्यों में तेजी लाई जाए तथा यदि किसी स्तर पर कोई बाधा उत्पन्न हो रही हो तो तत्काल जिलाधिकारी एवं संबंधित विभागीय सचिव से समन्वय स्थापित कर उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए। सचिव ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त हो रही शिकायतों की भी समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि अधिकतम शिकायतों का समाधान एल-1 स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को त्वरित राहत मिल सके। जिन विभागों में शिकायतें अधिक संख्या में लंबित हैं, उनसे कारण ज्ञात करते हुए निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त उन्होंने "गड्ढा मुक्त सड़क" अभियान के अंतर्गत संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सड़कों का मरम्मत कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए, ताकि आगामी मानसून के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। विद्यालयों में बालिकाओं एवं महिला कर्मचारियों हेतु स्थापित शौचालयों की साफ-सफाई एवं समुचित रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि छात्राओं को किसी भी प्रकार की असुविधा अथवा अप्रिय घटना का सामना न करना पड़े।" जनगणना 2027 की तैयारियों की समीक्षा के दौरान अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र द्वारा अवगत कराया गया कि प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों की नियुक्ति कर दी गई है तथा मकानों की गणना का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसे पोर्टल पद प्रतिदिन अपडेट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मकानों की गणना के कार्य पूरी पार्दर्शिता व त्रुटिरहित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, परियोजना निदेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नफील जमील, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डीपी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, महाप्रबंधक जिला उद्योग विपिन कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।





# सब्जी मंडी में खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा

## अप्राकृतिक रंगों और प्रतिबंधित रसायनों के प्रयोग को लेकर विक्रेताओं को दी गई कड़ी चेतावनी

रुद्रपुर।आयुक्त खाद्य संरक्षा औषधि प्रशासन उत्तराखण्ड सचिन कुर्वे के निर्देशों पर मिलावटखोरी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। उपायुक्त खाद्य संरक्षा कुमाऊं मंडल डॉक्टर राजेंद्र सिंह कठायत के नेतृत्व में विभाग की टीम ने रुद्रपुर मुख्य बाजार स्थित सब्जी मंडी में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने आम जनमानस को बेचे जा रहे फलों और सब्जियों में अप्राकृतिक रंगों के प्रयोग एवं आर्टिफिशियल राइपनिंग एजेंट्स की जांच की। सहायक आयुक्त ललित मोहन पाण्डे, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा साह और खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या द्वारा मंडी के थोक व फुटकर विक्रेताओं के यहां से आम, सेब, संतरा, खरबूजा और गाजर के कुल 5 सर्विलांस नमूने लिए गए। इन सभी नमूनों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट आने पर आगामी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान बिना लाइसेंस और पंजीकरण के कारोबार कर रहे एक



विक्रेता को नोटिस भी जारी किया गया। विभाग ने सभी आढ़तियों और कारोबारियों को सख्त हिदायत दी है कि फलों को पकाने के लिए किसी भी स्थिति में प्रतिबंधित कैल्शियम कार्बाइड का प्रयोग न करें। इसके स्थान पर केवल एफएसएसएआई द्वारा स्वीकृत एथिलीन राइपनर का ही इस्तेमाल किया जाए। साथ ही सब्जियों में बाहरी रंगों का प्रयोग न करने के निर्देश दिए गए। विभाग ने आम जनता से भी अपील की है कि वे बाजार में पहले से कटे हुए फल और सब्जियां न खरीदें और घर लाकर इन्हें अच्छी तरह धोकर ही उपयोग में लें। इस अभियान दल में डॉक्टर राजेंद्र सिंह कठायत, ललित मोहन पाण्डे, अपर्णा साह और आशा आर्या मुख्य रूप से सम्मिलित रहे। अधिकारियों का कहना है कि जनहित में यह विशेष चेकिंग अभियान जारी रहेगा।



# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

कालाढूंगी (उद संवादाता)। कालाढूंगी क्षेत्र के आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए रविवार को रामलीला मैदान में एक विशाल नि:शुल्क मेडिकल कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही मरीजों को उचित परामर्श भी दिया गया। शिविर के दौरान ब्लड प्रेशर (बीपी) एवं शुगर की जांच के साथ-साथ आवश्यक दवाइयां पूर्णत: नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ उठाया। लायनेस क्लब हल्द्वानी की अध्यक्ष तनुजा जोशी ने बताया कि यह आयोजन रेड क्रॉस सोसाइटी नैनीताल और पीएसपी हॉस्पिटल हल्द्वानी के संयुक्त प्रयासों से संपन्न हुआ। उन्होंने जानकारी दी कि कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी नैनीताल के चेयरमैन नवनीत सिंह राणा का दवाइयों आदि की व्यवस्था में विशेष सहयोग रहा। साथ ही भाजपा नेता महेश शर्मा द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को शिविर से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं, जिनमें मुख्य रूप से जनरल सर्जन डॉ. अभिनव बिष्ट, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. कपींद्र यादव, न्यूरो सर्जन डॉ. अमित देओल और आर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. आनंद मिश्रा शामिल थे। इस अवसर पर मुकेश कुमार, ऊषा मुकेश, शालिनी गुप्ता, गौरव जोशी, आरती पपोला सहित रेड क्रॉस सोसाइटी और लायनेस क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# प्रधानाचार्या पूजा अग्रवाल को बेस्ट ट्रेनर सम्मान से नवाजा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। लालपुर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या सुश्री पूजा अग्रवाल को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित एक गरिमामय समारोह में "बेस्ट ट्रेनर" सम्मान से नवाजा गया है। डीपीएस, हरिद्वार में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और शिक्षकों को दिए गए उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें सीबीएसई के प्रशिक्षण निदेशक मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं संयुक्त निदेशक (देहरादून) मनीष त्यागी द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिष्ठित शिक्षाविदों एवं प्रशिक्षण विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया और पूजा अग्रवाल के प्रयासों की सराहना की।



उल्लेखनीय है कि पूजा अग्रवाल पिछले कई वर्षों से शिक्षकों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से प्रशिक्षण प्रदान कर रही हैं। उन्होंने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यमों से अनेक कार्यशालाएं आयोजित की हैं, जिनमें नई शिक्षा नीति (छम्च), कक्षा प्रबंधन और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों पर शिक्षकों का मार्गदर्शन किया गया। उनका मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के भीतर कौशल क्षमता का विकास करना है, जिससे वे विद्यार्थियों को अधिक प्रभावी और आधुनिक शिक्षा प्रदान कर सकें।


**कार्यालय नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)**

Tel-05944-242400, E-mail-nagarnigamrudrapur@gmail.com, Visit-www.nagarnigamrudrapur.com

पत्रांक-257/नजूल अनु./2026-27 **"सार्वजनिक सूचना"** दि. 02.05.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रिट याचिका संख्या 948/एम0एस0/2026 सलीम अहमद व अन्य बनाम जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर व अन्य में माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 17.04.2026 तथा अपर जिलाधिकारी नजूल / प्रशासन महोदय द्वारा दिए गए आदेश के अनुपालन में संबंधित प्रकरण के निस्तारण हेतु दिनांक 04.05.2026 से 11.05.2026 (कार्य दिवसों) की तिथि निर्धारित की गई है। सम्बन्धित रिट याचिका का कोई पक्षकार अथवा प्रश्नगत प्रकरण में नोटिस प्राप्त करने वाला कोई भी व्यक्ति दिनांक 11.05.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर निगम रुद्रपुर, कक्ष संख्या 10, नजूल अनुभाग में अपना प्रत्यावेदन कार्यालय अवधि में मय साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के बाद कोई प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

यह सूचना जनहित में जारी की जाती है।

(शिप्रा जोशी पाण्डेय)
नगर आयुक्त
नगर निगम, रूद्रपुर ऊधमसिंह नगर


# प्रशासन की देखरेख में खोले गए दानपात्र ,9 घंटे में पूर्ण हुई गणना

काशीपुर। मां बाल सुंदरी देवी का चैती मेला समापन होने के बाद मंदिर परिसर में लगाए गए सीलबंद दानपात्रों को प्रशासन की देखरेख में खोला गया। तहसील प्रशासन की टीम ने नौ घंटे में 12 दानपात्रों में एकत्र चढ़ावे की गणना की जिसे उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में पंडा परिवार में वितरित किया गया।चैती मेला 19 मार्च से शुरू हुआ था जबकि देवी का डोला 25 मार्च की अर्धरात्रि चैती मंदिर स्थित गर्भगृह पहुंचा था। वहीं मेला बीती 24 अप्रैल को समाप्त हुआ था। मेला प्रशासन ने उच्च न्यायालय के आदेश पर देवी डोला आने से पहले 23 मार्च को तहसील प्रशासन की देखरेख में मंदिर परिसर में विभिन्न स्थानों पर रखे 12 दानपात्रों को सील कर दिया था। शनिवार को मंदिर परिसर में सील बंद दानपात्रों को तहसीलदार पंकज चंदोला के निर्देश पर नायब नाजिर नीरज कुमार उपाध्याय और पंडा परिवार की देखरेख में खोला गया। मंदिर परिसर के नवनिर्मित हॉल में तहसील की 16 सदस्यीय टीम ने सीसीटीवी और पंडा परिवार के सामने सुबह दस बजे से दानपात्रों में आए दान की गणना शुरू की जो शाम साढ़े छह बजे तक चली। मेला मजिस्ट्रेट व एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश अनुपालन में मंदिर परिसर में रखे दानपात्रों से प्राप्त धनराशी को पंडा परिवार में हिस्से के मुताबिक बांट दी जाती है। वहां मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री, सहायक प्रधान पंडा मनोज अग्निहोत्री, कृष्ण गोपाल अग्निहोत्री, वंदना अग्निहोत्री, संदीप अग्निहोत्री, संदीप अग्निहोत्री, शिवा अग्निहोत्री, विवेक अग्निहोत्री, शक्ति अग्निहोत्री मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग के एसडीओ डीसी गुरुरानी को दी गई भावभीनी विदाई

## उत्कृष्ट सेवाकाल के दौरान 15 पुरस्कारों से नवाजे गए गुरुरानी ने साझा किए संघर्ष के अनुभव

किच्छा (उद संवाददाता)। विद्युत वितरण खंड किच्छा में तैनात एसडीओ डीसी गुरुरानी की सेवानिवृत्ति पर रुद्रपुर रोड स्थित एक होटल में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्युत विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर उन्हें भीगी पलकों के साथ विदाई दी। समारोह का माहौल पूरी तरह सम्मान और भावुकता से भरा रहा।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने एसडीओ डीसी गुरुरानी के लंबे और उत्कृष्ट सेवाकाल की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि गुरुरानी ने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा की एक अनूठी मिसाल पेश की है। वक्ताओं ने उनके व्यवहार और कार्यशैली का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा उपभोक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता दी और विभागीय कार्यों को अनुशासन के साथ संचालित किया, जिसके कारण वे कर्मचारियों और आम जनता के बीच समान रूप से लोकप्रिय रहे।विदाई समारोह को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त एसडीओ डीसी गुरुरानी ने किच्छा क्षेत्र की जनता के साथ अपने लंबे और यादगार सफर को याद किया। उन्होंने कहा कि सेवा के दौरान उन्हें क्षेत्र की जनता और विभागीय सहयोगियों से जो स्नेह और सहयोग मिला, उसे वे जीवन भर नहीं भूल पाएंगे। अपने जीवन के संघर्षपूर्ण दिनों को याद करते हुए वे भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि बचपन से ही सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने मेहनत और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया।समारोह में जानकारी दी गई कि उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सरकार द्वारा विभिन्न अवसरों पर उन्हें करीब 15 पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। उनकी उपलब्धियों को याद करते हुए उपस्थित लोगों ने उन्हें स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने उनके स्वस्थ, सुखद और मंगलमय भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस दौरान विद्युत विभाग के तमाम अधिकारी और कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।





# मुख्यमंत्री ने दिया आंगनबाड़ी कर्मियों को मानदेय वृद्धि करने का आश्वासन

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को सचिवालय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती सेविका मिनी कर्मचारी संगठन उत्तराखण्ड के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। संगठन की अध्यक्ष रेखा नेगी के नेतृत्व में पहुंचे इस प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को अपनी विभिन्न मांगों और समस्याओं से विस्तार से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कर्मियों की समस्याओं को सुनने के बाद प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनके मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि के विषय में गंभीरतापूर्वक विचार कर रही है। बैठक के दौरान महिला सशक्तिकरण



एवं बाल विकास विभाग के सचिव ने जानकारी दी कि आंगनबाड़ी कर्मियों के मानदेय में बढ़ोतरी के संबंध में भारत सरकार से भी अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री की ओर से मिले सकारात्मक आश्वासन के बाद संगठन के प्रतिनिधियों ने अपनी हड़ताल को स्थगित करने पर सहमति जता दी है। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव शैलेश बगोली, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के सचिव चन्द्रेश कुमार तथा विभागीय निदेशक बीएल राणा भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




# बोर्ड परीक्षा में शिशु भारती इंटर कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा परिणामों में आवास विकास स्थित शिशु भारती इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट दोनों ही परीक्षाओं में विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। छात्र-छात्राओं की इस अभूतपूर्व सफलता पर विद्यालय की प्रबंधिका डॉक्टर दीप शिखा मदान और प्रधानाचार्य सुमित कुमार दास ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल



भविष्य की कामना की है।परीक्षा परिणामों में हाईस्कूल स्तर पर सूरज दास, रोहित कुमार, रिहान अली, निकिता रावत और वरुण मंडल ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं इंटरमीडिएट के कला संकाय में साक्षी, हर्षिता और राहुल ने बाजी मारी। वाणिज्य वर्ग में शीतल, रितिका और पल्लवी ने शानदार अंक प्राप्त किए, जबकि विज्ञान वर्ग में प्रसेनजीत बारोई, हिमांशु, माही, आयुष वर्मा और उत्कर्ष ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रशासन के अनुसार छात्रों की यह सफलता उनके नियमित अध्ययन, कड़े अनुशासन और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का प्रतिफल है। पूरे वर्ष विद्यार्थियों ने निरंतर कड़ी मेहनत की, जिसका सुखद परिणाम सबके सामने है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि संस्थान में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं।

# हीट वेव से निपटने को व्यापक प्रबंधन करने के दिए निर्देश

चम्पावत (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के मैदानी एवं कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लगातार बढ़ते तापमान और संभावित लू की स्थिति को देखते हुए जनपद चम्पावत में जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय हो गया है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जनपद के सभी संबंधित विभागों को संभावित गर्मीजनित आपदाओं एवं स्वास्थ्य जोखिमों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु समन्वित कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन के कड़े निर्देश दिए हैं। शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुपालन में राजस्व, शहरी विकास, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं वन विभाग सहित सभी प्रमुख विभागों को अलर्ट मोड में रहने को कहा गया है।नगर पालिका एवं पेयजल विभाग को सार्वजनिक स्थलों पर शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा खराब हैंडपंपों की शीघ्र मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग को ग्रीष्मकालीन बीमारियों से निपटने के लिए अस्पतालों में पर्याप्त दवाओं का भंडारण सुनिश्चित करने तथा क्विक मेडिकल रिस्पांस टीम को सक्रिय रखने को कहा गया है। शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे विद्यालयों के समय में आवश्यकतानुसार संशोधन करें और विद्यार्थियों के लिए पेयजल व छाया की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। वनाग्नि की संभावित घटनाओं की रोकथाम हेतु वन विभाग एवं अग्निशमन विभाग को आपसी समन्वय के साथ मास्टर कंट्रोल रूम के माध्यम से सतत निगरानी रखने को कहा गया है।जनसुविधा एवं आपातकालीन सहायता के लिए जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र डीईओसी के टोल फ्री नंबर 1077 एवं 0 5965230703 को सक्रिय कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त नागरिक 7895318895, 7579060090 एवं 9528135726 मोबाइल नंबरों पर भी संपर्क कर सकते हैं।

# फिक्का नदी संरक्षण हेतु उच्च स्तरीय टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण

काशीपुर (उद संवादाता)। जनपद ऊधम सिंह नगर के अंतर्गत फिक्का नदी क्षेत्र में जल संरक्षण की परियोजनाओं को गति देने के उद्देश्य से शनिवार को उच्च स्तरीय तकनीकी दल द्वारा क्षेत्र भ्रमण किया गया। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के गिरते भू-जल स्तर को सुधारने और जल संचयन हेतु प्रस्तावित स्थलों का तकनीकी परीक्षण करना था। निरीक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता लघु सिंचाई विभाग उत्तराखण्ड देहरादून के मुख्य अभियंता एवं विभागाध्यक्ष ई० बी०के तिवारी द्वारा की गई।विशेषज्ञ टीम का भ्रमण मुख्य रूप से ग्राम हाजिरो, किशनपुर, देवीपुरा और मंडुआखेड़ा में केंद्रित रहा। इस दौरान राज्य स्तरीय स्प्रिंग एण्ड रिवर रिजुविनेशन प्राधिकरण के अंतर्गत जल संचयन हेतु चिन्हित छह प्रस्तावित तालाबों के स्थलों का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही नदी के जल प्रवाह को नियंत्रित करने हेतु



एक प्रस्तावित चेकडैम के निर्माण स्थल का तकनीकी आकलन किया गया। टीम ने वर्षा जल संचयन के उद्देश्य से सरकारी भवनों का भी निरीक्षण किया जहां भविष्य में रीचार्ज पिट का निर्माण प्रस्तावित है। निरीक्षण के उपरान्त मुख्य अभियंता ई० बी०के तिवारी ने परियोजनाओं को फिक्का नदी के पुनर्जीवन और स्थानीय कृषि के लिए जीवनदायी बताया। उन्होंने सारा टीम और विभागीय अभियंताओं को निर्देशित किया कि वे इन सभी प्रस्तावित संरचनाओं की तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करें ताकि योजनाओं की स्वीकृति हेतु आगामी कार्यवाही प्रारम्भ की जा सके। निरीक्षण दल में प्रदेश स्तरीय नोडल अधिकारी (सारा) ई० पी०के० सिंह, प्रदेश स्तरीय नोडल अधिकारी (पीएम कुसुम) ई० राजीव रंजन, अधिशासी अभियंता सुशील कुमार, प्रशांत कुमार सहित तकनीकी विशेषज्ञ दल और क्षेत्रीय स्टाफ मुख्य रूप से उपस्थित रहा।

# शिविर में 23 लोगों ने किया रक्तदान,विशेषज्ञों ने बताए फायदे

नैनीताल (उद संवाददाता)। डी एस बी परिसर के जी बी पंत पुस्तकालय में रविवार को अधिष्ठाता छात्र कल्याण, एन एस एस, आई क्यू ए सी तथा विजिटिंग प्रोफेसर डायरेक्टर के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 23 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्तदान कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष सरस्वती खेतवाल, डी एस डब्लू संजय पंत, निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर ललित तिवारी, लता पांडे, गीता तिवारी, गगन होती और एन एस एस कार्यक्रम समन्वयक शिवांगी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर सरस्वती खेतवाल ने कहा कि रक्तदान महादान है, जो मानवीय गुणों को आगे बढ़ाता है। संजय पंत ने कहा कि रक्तदान करने का अवसर बहुत महत्वपूर्ण होता है, वहीं



ललित तिवारी ने जानकारी दी कि एक स्वस्थ मनुष्य हर 120 दिनों के बाद रक्तदान कर सकता है। शिविर में विशेषज्ञों ने बताया कि नियमित रक्तदान से लगभग 650 कैलोरी बर्न होती है, जिससे रक्तचाप नियंत्रित रहता है और शरीर में नए रक्त का संचार होता है। रक्तदान के लिए 45 किलोग्राम से अधिक वजन और 12.5 प्रतिशत से अधिक हीमोग्लोबिन होना अनिवार्य है।कार्यक्रम के दौरान खेलों में विशेष सहयोग के लिए लाल सिंह, अनीता रावत, अतुल और शिखा को शॉल ओढ़ाकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। रक्तदान करने वालों में ललित तिवारी, गगन होती, अनीता रावत, नवीन पांडे, अशोक उप्रेती, अतुल, वैशाली चंदोला, वैशाली कर्नाटक, सागर साह, अंशुल, तमन्ना, प्रिया, वंशिका, बब्बर, वैभव, प्रियांशी, कुशल, ओ तनिषा, काव्य, अनीता बोरा, अदिति और अतुल चंद्र शामिल रहे। इस दौरान प्रियांशु श्रीवास्तव, बीडी पांडे चिकित्सालय की टीम, समाज सेवी भुवन आर्य, अशोक उप्रेती सहित पेनी जोशी, वसुंधरा और लता नितवाल ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

# मेधावी बच्चों को वितरित की शिक्षण सामग्री

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जरूर केयर फाउंडेशन द्वारा राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयागांव लछमपुर में मेधावी और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को पठन पाठन सामग्री वितरित की गई। यह वितरण विद्यालय की पूर्व सहायक अध्यापिका स्वर्गीय रेखा जोशी की स्मृति में किया गया, जिसके तहत चयनित छात्र छात्राओं को लेखन सामग्री के दो-दो सेट प्रदान किए गए। गौरतलब है कि विगत तीन वर्षों से स्वर्गीय रेखा जोशी की याद में विद्यालय के जरूरतमंद और पढ़ाई में अव्वल बच्चों को निरंतर शिक्षण सामग्री वितरित की जा रही है।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र जोशी, त्रिलोक चंद्र, भागीरथी सैमिया, अब्दुल रहीम, प्रमोद और उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ नैनीताल के पूर्व जिला मंत्री डिकर सिंह पडियार उपस्थित रहे। जरूर केयर फाउंडेशन की मुख्य निदेशक प्रियंका जोशी और निदेशक आदित्य जोशी ने गिरीश चंद्र पांडे, लक्ष्मीकांत, प सगोला, हेमा, कमल तिवारी एवं महेश जोशी के साथ मिलकर बच्चों को सामग्री भेंट की।शिक्षण सामग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कक्षा 6 से अंजलि व गौरव मेहरा, कक्षा 7 से राम लखन व पूजा, कक्षा 8 से उपासना व नेहा आर्या, कक्षा 9 से नेहा शर्मा व प्रियंका तथा कक्षा 10 से चेतन जोशी व नैंसी जोशी शामिल रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के प्रयासों से न केवल निर्धन बच्चों को संबल मिलता है, बल्कि शिक्षा के प्रति उनका उत्साह भी बढ़ता है। कार्यक्रम में विद्यालय के अन्य स्टाफ सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# श्री श्याम कृपा महोत्सव में रात भर हुआ बाबा का गुणगान

## सुंदर भजनों की प्रस्तुति पर मंत्रमुग्ध हुए भक्त, पूर्व विधायक ठुकराल सहित कई अतिथियों ने की शिरकत





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शिवनगर स्थित चामुण्डा मंदिर के सामने इंडियन पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित भव्य श्री श्याम कृपा महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के अद्भुत संगम के रूप में संपन्न हुआ, जहां देर रात तक चले संकीर्तन में श्रद्धालु श्याम बाबा के भजनों में लीन होकर भावविभोर होते नजर आए। पूरे कार्यक्रम स्थल पर भक्ति का ऐसा माहौल बना रहा कि हर कोई भजनों की धुन पर झूमता दिखाई दिया और वातावरण 'हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। महोत्सव का शुभारंभ पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल, राजीव अरोरा, डिम्पल गुप्ता, गौरव गुप्ता, फतेह चन्द्र बंसल, संजीव गुप्ता, महंत सोमानंद जी, महंत अशोक नाथ जी, स्वामी शिवानंद जी महाराज सहित अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से ज्योत प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान आयोजकों ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजकुमार ठुकराल ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को आपसी भाईचारे व सद्भाव का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि श्याम बाबा की भक्ति से जीवन में आने वाली कठिनाइयों से पार पाने की शक्ति मिलती है और व्यक्ति के मन को शांति प्राप्त होती है। संकीर्तन में भजन गायक संजू पागपाल, खुशबू राधा, नरेश सैनी और हिमांशु मारवाड़ी ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कलाकारों की मधुर आवाज और भक्ति रस से सराबोर प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे और कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। महोत्सव में संजीव गुप्ता, विकास बंसल, संजय ठुकराल, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी, सुशील गाबा, पंडित राकेश शर्मा, पार्षद शुभम दास, सुरेन्द्र गुप्ता, मनोज गुप्ता, हिमांशु मारवाड़ी, गगन ग्रोवर, केरू मण्डल, सुनील, हिम्मत राम कोली, संजीव पाठक, विपिन सक्सेना, बाबू राम प्रजापति, सुरजीत गुप्ता,फतेह चन्द्र बंसल ,श्रीनिवास गुप्ता,अनुज गंगवार, उमा सरकार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु थे। आयोजन के सफल संचालन के लिए आयोजक मंडल की सराहना की गई।



# करोड़ों की ठगी करने वाला वांछित अभियुक्त मुरादाबाद से गिरफ्तार




रुद्रपुर । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान श्ऑपरेशन प्रहारश के अंतर्गत ट्रांजिट कैंप पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले शातिर वांछित अभियुक्त को ठाकुरद्वारा मुरादाबाद से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया अभियुक्त वर्ष 2024 से करोड़ों की ठगी कर फरार चल रहा था और उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के दर्जनों मुकदमों में वांछित था।पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक ट्रांजिट कैंप के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए अभियुक्त सलीम अहमद उर्फ हाफिज सलीम पुत्र कल्लू खां को उसके निवास वार्ड नंबर 20 तिकोनिया बस स्टैंड ठाकुरद्वारा मुरादाबाद से दबोचा। अभियुक्त के खिलाफ कोतवाली ट्रांजिट कैंप में धोखाधड़ी और उत्तराखंड निक्षेपक जमाकर्ता हित संरक्षण अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत था।विवेचक उपनिरीक्षक प्रकाश चन्द्र और उनकी टीम ने सुरागकशी करते हुए अभियुक्त को उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त सलीम अहमद शातिर किस्म का ठग है जो लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहाथा।अभियुक्त का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रकाश चन्द्र और कांस्टेबल दिनेश धपोला शामिल रहे।

# खाद की किल्लत से नाराज किसानों ने किया प्रदर्शन

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र में किसानों को खेती के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद न मिलने से आक्रोशित किसानों ने शनिवार को किसान सहकारी समिति पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने सहकारी समिति के प्रबंध निदेशक के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजते हुए जल्द समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने सरकार के उस आदेश का कड़ा विरोध किया जिसमें प्रति किसान एक महीने में केवल एक कट्टा खाद देने की बात कही गई है। किसानों का कहना है कि यह व्यवस्था उनकी खेती की जरूरतों के लिए नाकाफी है जिससे फसल उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा।कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास और कांग्रेस प्रदेश महामंत्री




ममता हालदार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान एकत्र हुए और अपनी नाराजगी जताई। किसानों ने प्रबंध निदेशक संजय कुमार के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर मांग की कि उन्हें नियमित और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए। किसानों ने स्पष्ट कहा कि यदि जल्द ही खाद की आपूर्ति दुरुस्त नहीं की गई तो वे सहकारी समिति में तालाबंदी करने को मजबूर होंगे। किसान सहकारी समिति के अध्यक्ष करण सिंह रंधावा ने भी समर्थन देते हुए कहा कि यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र की सभी समितियों में तालाबंदी की जाएगी और इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। वहीं किसान नेता मनमोहन सिंह ने सरकार पर किसान विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया।प्रदर्शन के दौरान त्रिनाथ विश्वास, गगनदीप सिंह, हजारा सिंह, ममता हालदार, चंदन सिंह नयाल, मनमोहन सिंह, धर्मपाल सिंह, विमला विश्वास, अरुण कुमार विश्वास, सुबल मंडल, विजय बहादुर, आनंद सरकार, कुमारेस बाछाड़, प्रभास मंडल, सिमरनजीत सिंह, अजमेर सिंह, लखविंदर सिंह विर्क, अमर मंडल, सतनाम सिंह, सुभाष भक्त, शुभम मंडल, ग्लोक मंडल, संजय मंडल और नरेश विश्वास समेत दर्जनों किसान मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## क्रूज हादसे का मातम

मध्य प्रदेश में जबलपुर के बरगी बांध में एक क्रूज नाव के पलटने से हुए हादसे की त्रासदी ने एक बार फिर नागरिक सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस हादसे ने नाव पर सवार होकर रोमांच महसूस करने के कई लोगों के उत्साह को मातम में बदल दिया। हैरानी इस बात की है कि दुर्घटना के बाद प्रशासन के पास नाव में सवार कुल लोगों की सटीक जानकारी तक नहीं थी। अधिकारियों ने टिकटों की संख्या के आधार पर आंकड़ा जारी कर दिया, जबकि कई लोगों के साथ उनके बच्चे भी नाव पर सवार थे।सवाल है कि नौकाओं के संचालकों के लिए क्या यह नियम जरूरी नहीं होना चाहिए कि टिकट लेने वाले लोगों के साथ उनके बच्चों की संख्या भी दर्ज की जाए, ताकि आपात स्थिति में सुरक्षा बंदोबस्त में कोई कमी न रहे? दूसरी ओर ऐसी खबरें भी आई हैं कि दुर्घटना की शिकार हुई नौका पर पहले से सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे और न ही स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान की कोई व्यवस्था थी। ऐसे में इसे व्यवस्थागत लापरवाही नहीं तो और क्या कहा जाएगा।गौरतलब है कि गुरुवार को बरगी बांध में एक क्रूज नौका तेज आंधी की चपेट में आकर पलट गई थी। इस दुर्घटना में अब तक नौ लोगों के शव बरामद हो चुके हैं, जबकि कुछ लोग अब भी लापता हैं। हादसे में जीवित बचे लोगों का दावा है कि नौका पर सवार किसी भी यात्री ने जीवन रक्षक जैकेट नहीं पहनी थी। जब आपात स्थिति महसूस हुई, तभी वे यात्रियों में वितरित करने की कोशिश की गई, लेकिन कुछ लोगों को इन्हें पहनने का मौका ही नहीं मिला। सवाल है कि जो नियम नौका चालकों को प्रशिक्षण के दौरान अनिवार्य रूप से सिखाए जाते हैं, अगर उन्हें ही नजरअंदाज कर दिया जाए, तो यह सीधे तौर पर लापरवाही को उजागर करता है। यही नहीं, जल पर्यटन के इस क्षेत्र में मौसम पूर्वानुमान की व्यवस्था न होना भी सवाल खड़े करती है। राज्य सरकार ने हादसे के बाद क्रूज नावों के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन क्या सिर्फ इस कदम से ऐसी दुर्घटनाओं पर पूरी तरह रोक पाएगी। ऐसे में सभी राज्यों को चाहिए कि इस हादसे से सबक लेकर तमाम व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए।

## प्रसार भारती के अध्यक्ष बनने पर प्रसून जोशी को अजय भट्ट ने दी शुभकामनाएं

हल्द्वानी। प्रसून जोशी के प्रसार भारती के अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल-उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। सांसद अजय भट्ट ने अपने संदेश में कहा कि प्रसून जोशी एक प्रतिष्ठित लेखक, गीतकार और रचनात्मक व्यक्तित्व के धनी हैं। उन्होंने अपने कार्यों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, साहित्य और समाज को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऐसे में उनका प्रसार भारती के अध्यक्ष पद पर आसीन होना संस्था के लिए एक सकारात्मक और दूरगामी निर्णय साबित होगा।

# लोक भवन में मनाया गुजरात और महाराष्ट्र स्थापना दिवस

देहरादून (उद संवाददाता)। लोक भवन सभागार में शनिवार को गुजरात एवं महाराष्ट्र राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुजरात समाज समिति, हरिद्वार गुज्जू परिवार तथा महाराष्ट्र समाज समिति के सदस्यों सहित अनेक गणमान्य लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में दोनों राज्यों के कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं जिसके माध्यम से गुजरात और महाराष्ट्र की समृद्ध लोक संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। इन आकर्षक प्रस्तुतियों की राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से नि सहित उपस्थित जनसमूह ने मुक्त कंठ से सराहना की।अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि आज का आयोजन भारतीय संस्कृति की विविधता और समृद्ध परंपराओं का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कलाकारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रस्तुतियों में भक्ति, समर्पण और आत्मीयता की स्पष्ट अनुभूति हो रही थी जो अत्यंत विशिष्ट है। राज्यपाल ने जोर देकर कहा कि भारत की सभ्यता, संस्कृति, लोकगीत और लोकसंगीत हमारी अमूल्य धरोहर हैं जिन्हें संजोकर रखना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने परिवार की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जब एक ही मंच पर बच्चे, युवा और बुजुर्ग मिलकर अपनी संस्कृति का उत्सव मनाते हैं तो समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।राज्यपाल ने अनेकता में एकता की भारतीय परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की विविध भाषाएं, वेशभूषाएं और खानपान हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि देश की प्रगति के लिए एकता, समन्वय और नेशन फर्स्ट की भावना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि अपनी



जड़ों और परंपराओं से जुड़े रहना ही हमारी वास्तविक पहचान है और ऐसे आयोजन राष्ट्रीय एकता व सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इस अवसर पर प्रथम महिला गुरमीत कौर, राज्यपाल के सचिव रविनाथ रामन, अपर सचिव रीना जोशी, विशेष सचिव पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव विजय कुमार जोगदंडे, आईजी अनंत शंकर ताकवाले, गुजरात समाज समिति के आनंद मोधा, राजेश पाठक, हरि भट्ट और महेंद्र भट्ट प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन वित्त नियंत्रक तृप्ति श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# दून हस्तशिल्प बाजार महिला सशक्तीकरण और सामाजिक सेवा का सशक्त प्रतीक

देहरादून (उद ंवाददाता)। प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने शनिवार को हर्षल फाउंडेशन द्वारा जीएमएस रोड़ देहरादून में आयोजित "दून हस्तशिल्प बाजार 2026" कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने महिला उद्यमियों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने कहा कि यह आयोजन केवल एक बाजार या प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि यह महिला सशक्तीकरण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक संवेदनशीलता का एक अनूठा संगम है। उन्होंने हर्षल फाउंडेशन के कार्यों की सराहना सराहना करते हुए कहा कि संस्था जिस प्रतिबद्धता के साथ समाज के उपेक्षित वर्गों, विशेषकर दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है, वह अनुकरणीय है। श्रीमती कौर ने इस बात पर विशेष बल दिया कि देहरादून के साथ-साथ विकासनगर, हरिद्वार, रुड़की, सहारनपुर और इंदौर जैसे शहरों से महिला उद्यमियों की भागीदारी यह दर्शाती है कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की यह पहल अब एक व्यापक आंदोलन बन चुकी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे महिला उद्यमियों और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करें। कार्यक्रम में डॉ. रमा गोयल ने फाउंडेशन की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ. रमा गोयल, हर्षल फाउंडेशन की पूरी टीम, विभिन्न क्षेत्रों से आई महिला उद्यमी और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



# बम की तरह फट सकते हैं हिमालयी-हिमनद

जलवायु परिवर्तन का सीधा असर उच्च हिमालयी क्षेत्रों पर भी स्पष्ट दिखाई देने लगा है। यहां तक की जिन हिमनद (ग्लेशियर) झीलों के आसपास मानव की आवाजाही अत्यंत सीमित है, वहां भी अब जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम का मिजाज खतरे की घंटी बजाने लगा है। कुछ हिम झीलों का आकार तेजी से सिकुड़ रहा है तो कुछ का आकार आश्चर्यजनक ढंग से बढ़ भी रहा है। ऐसी 130 झीलें चिन्हित की गई है, जो क्षमता से अधिक आकार बढ़ने की स्थिति में बम की तरह फट सकती हैं। ऐसा होता है तो निचले क्षेत्रों में बसी बस्तियों में प्रलय का तांडव देखने में आ सकता है। हिमनद झीलों के अनियंत्रित ढंग से बढ़ते आकार की ठोस सच्चाई इसरो के उपग्रहों से लीं गईं तस्वीरों के अध्ययन से सामने आई है। इस स्थिति ने विज्ञानियों की चिंता बढ़ा दी है। हिंदुकुश क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन पर काम कर रहे वाडिया हिमालय भू-विज्ञान संस्थान के पूर्व वरिष्ठ विज्ञानी डॉ पीएस नेगी ने रिपोर्ट को गंभीरता से लेने की जरूरत जताई है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 1984 से 2023 तक किए गए उपग्रह अध्ययन से पता चला है कि कुल 2431 बड़ी झीलें चिन्हित की गई हैं। इनका आकार 10 हैक्टेयर से अधिक है। इनमें से 676 झीलों का आकार 27 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया है। इनमें से 130 झीलें सबसे ज्यादा संवेदनशील हैं। हिमाचल प्रदेश की गेफांग घाट झील का आकार सर्वाधिक 178 प्रतिशत बढ़ा है। इसका कुल क्षेत्रफल 101.3 हैक्टेयर हो गया है। हिमालयी क्षेत्र में 10 लाख लोग ग्लेशियर झीलों के 10 किमी के दायरे में रहते हैं। याद रहे पिछले साल पांच अगस्त 2025 को उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में धराली गांव के खीर क्षेत्र में बादल फटने के कारण भीषण बाढ़ और मलबे में यह पूरा क्षेत्र डूब गया था। बादल फटने से हुई तेज बारिश ने गंगोत्री और हर्शिल के क्षेत्र में आने वाली हिमनद झीलों को नाले में बदल दिया था। इस क्षेत्र में किए गए विभिन्न अध्ययनों के अनुसार हिमालय में छोटी-बड़ी सभी तरह की झीलों की संख्या आठ हजार से भी अधिक है। 1990 के बाद से यहां 1000 के करीब नए हिमनद अस्तित्व में आ गए है। डॉ नेगी का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के चलते बड़ी मात्रा में बर्फ गिरती है तो हिमनद झीलों का आकार तो बढ़ता ही है, इनके फटने का खतरा भी बढ़ जाता है। अतएव इनकी निरंतर निगरानी रखने की जरूरत है। पोट्सडैम जलवायु प्रभाव शोध संस्थान के वैज्ञानिक-प्राध्यापक एंडर्स लीवरमैन ने धरती के बढ़ते तापमान की वजह से भारत में बारिश पर होने वाले प्रभावों का अध्ययन किया है। एंडर्स के मुताबिक जितनी बार धरती का पारा वैश्विक तापमान के चलते एक डिग्री सेल्सियस ऊपर चढ़ेगा, उतनी ही बार भारत में मानसूनी बारिश 5 प्रतिशत अधिक होगी। मानसूनी बारिश का वास्तविक अंदाजा लगाना भी कठिन हो जाएगा। यह अध्ययन 'अर्थ सिस्टम डायनेमिक्स' जर्नल में छपा है। भारत में आमतौर पर बारिश का सीजन जून के महीने से शुरू होता है और सितंबर के अंत तक चलता है। एंडर्स का कहना है कि इस सदी के अंत तक साल दर साल वैश्विक तापमान की वजह से तापमान बढ़ेगा। नतीजतन भारत में मानसूनी बारिश तबाही मचाएगी। इससे ज्यादा बाढ़ आएगी, जिससे लाखों एकड़ में फैली फसलें खराब होंगी। यह इस पीढ़ी का जलवायु परिवर्तन का नमूना है, जो भारत की मानसूनी बारिश के अगले चार सालों का अनुमान लगाता है। यह अनुमान वैश्विक तापमान के बढ़ते क्रम के आधार पर लगाया जाता है। पेरिस जलवायु समझौते के अनुबंध के तहत अधिकतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस को तय मानक माना जाता है। इसी नमूने से दुनिया के अलग-अलग देशों में मानसूनी या तूफानी बारिश की गणना की जाती है। दुनिया में अनियमित एवं शक्तिशाली मौसम के खतरे बढ़ रहे हैं। इस अध्ययन के अलावा संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2020 में किए गए एक अध्ययन से भी स्पष्ट हुआ था कि जलवायु परिवर्तन और पानी का अटूट संबंध है। इस रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण एशिया को 2030 तक बाढ़ों की कीमत प्रत्येक वर्ष चुकानी पड़ेगी। इनसे करीब सालाना 15.6 लाख करोड़ की हानि उठानी पड़ सकती है। साफ है, वैश्विक तापमान के बढ़ते खतरे ने आम आदमी के दरवाजे पर दस्तक दे दी है। दुनिया में कहीं भी एकाएक बारिश, बाढ़, बर्फबारी, बादल फटने या फिर सूखे का कहर का सामना करना पड़ सकता है। आंधी, तूफान और फिर यकायक ज्वालामुखियों के फटने की हैरतअंगेज घटनाएं भी यही संकेत दे रही हैं कि अदृश्य खतरे इर्दगिर्द ही कहीं मंडरा रहे हैं। समुद्र और अंटार्कटिका जैसे बर्फीले क्षेत्र भी इस बदलाव के संकट से दो-चार हो रहे हैं। दरअसल वायुमंडल में अतिरिक्त कार्बन डाइऑक्साइड महासागरों में भी अवशोषित होकर गहरे समुद्र में बैठ जाती है। यह वर्षों तक जमा रहती है। पिछली दो शताब्दियों में 525 अरब टन कचरा महासागरों में विलय हुआ है। इसके इतर मानवजनित गतिविधियों से उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड का 50 फीसदी भाग भी समुद्र की गहराइयों में समा गया है। इस अतिरिक्त कार्बन डाइऑक्साइड के जमा होने के कारण अंटार्कटिका के चारों ओर फैले दक्षिण महासागर में इस कार्बन डाइऑक्साइड को सोखने की क्षमता निरंतर कम हो रही है। इस स्थिति का निर्माण खतरनाक है। ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वेक्षण के मुताबिक वैज्ञानिकों का कहना है कि दक्षिण महासागर में कार्बन डाइऑक्साइड से लबालब हो गया है। नतीजतन अब समुद्र इसे अवशोषित करने की बजाय वायुमंडल में ही उगलने लग गया है। अगर इसे जल्दी नियंत्रित नहीं किया गया तो वायुमंडल का तापमान तेजी से बढेगा, जो न केवल मानव प्रजाति, बल्कि सभी प्रकार के जीव-जंतुओं के अस्तित्व के लिए खतरनाक होगा। हिमालय पर कई वर्षों से अध्ययन कर रहे 'वाडिया भू-विज्ञान संस्थान' की रिर्पोट के अनुसार हिमालय के हिमखंडों में काले कार्बन की मात्रा लगातार बढ़ रही है। यह मात्रा सामान्य से ढाई गुना बढ़कर 1899 नैनोग्राम हो गई है। दरअसल काले कार्बन से तापमान में वृद्धि होती है। यह सूर्य के प्रकाश को अवशोषित करने में अत्यंत प्रभावी है। इससे हिमालय और आर्कटिक जैसे हिमखंडों में बर्फ पिघलने लगती है। यदि किसी साल बरसात में औसत से कम बारिश होती है तो बर्फ पिघलने की मात्रा और अधिक बढ़ जाती है। वायु प्रदूषण से भी हिमखंड दूषित कार्बन की चपेट में आए हैं। उत्तराखंड अंतरिक्ष उपयोग केंद्र ने निष्कर्ष निकाला है कि पिछले 37 सालों में हिमाच्छादित क्षेत्रफल में 26 वर्ग किलोमीटर की कमी आई है। इस क्षेत्र में पहले स्थाई स्नोलाईन 5700 मीटर थी, जो अब 5200 मीटर के बीच घट-बढ़ रही है। यही बजह है कि नंदादेवी जैव-मंडल (बायोस्फियर) आरक्षित ऋषि गंगा के दायरे का कुल 243 वर्ग किमी क्षेत्र बर्फ से ढका था, लेकिन यह 2020 में 217 वर्ग किमी ही रह गया है। साफ है, तापमान बढ़ने का सिलसिला बना रहा और यदि बर्फ इसी तरह पिघलती रही तो जीव-जंतुओं और वनस्पतियों के संकट में आने का सिलसिला भी बना रहेगा। बढ़ते तापमान से हिमखंडों के पिघलने की जो शुरूआत होगी, उसका खतरनाक मंजर बांग्लादेश में भी देखने को मिल सकता है। यहां तबाही का तांडव इसलिए जबरदस्त और व्यापक होगा, क्योंकि बांग्लादेश तीन नदियों के डेल्टा पर आबाद है। यहां के ज्यादातर भूखंड समुद्र तल से महज 20 फीट की ऊंचाई पर स्थित हैं। इसलिए बर्फ की शिलाओं के पिघलने से समुद्र का जलस्तर ऊपर उठेगा तो सबसे ज्यादा जलमग्न भूमि इसी देश की होगी। यहां आबादी का घनत्व सबसे ज्यादा है, इसलिए मानव त्रासदी भी इस देश को ही सबसे ज्यादा झेलनी पड़ सकती है। बांग्लादेश इस आशंका की चिंता कई बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठा चुका है। इस बाबत एक कुशंका यह भी है कि यदि वैश्विक तापमान थोड़ा भी बढ़ता है और हिमखंड पिघलते रहते हैं तो 2050 तक बांग्लादेश में धान की पैदावार 10 प्रतिशत और गेहूं की 30 प्रतिशत घट सकती है। बढ़ते तापमान को लेकर एक नई आशंका यह भी जताई जा रही है कि इससे दुनिया में कीड़े-मकोड़े और जीवाणु-विषाणु की संख्या अत्याधिक मात्रा में बढ़ेगी। कीड़ों के जीवन-चक्र पर बहुत ज्यादा वैज्ञानिक शोध नहीं हुए हैं। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि 10 मिलीग्राम से कम वजन के कीड़े वैज्ञानिकों की रडार प्रणाली में नहीं आते हैं। इस सच्चाई को जानने के लिए दक्षिण इंग्लैंड में एक रडार लगाया गया था। दरअसल वैज्ञानिकों का ऐसा अनुमान है कि इसी स्थल से यूरोप और अफ्रीका के लिए 35 अरब कीड़े प्रवास यात्रा पर निकलते हैं। इस रडार से 70,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में कीड़ों के स्थान परिवर्तन का पता चला है। कीटों पर हालांकि अभी तक व्यापक स्तर पर शोध नहीं हुए हैं। परंतु जितने भी हुए हैं, उस आधार पर सबसे अधिक आबादी धरती पर कीड़ों की ही है। जिस तेजी से ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है, उसमें निश्चित रूप से कीड़ों की संख्या और तेजी से बढ़ेगी, क्योंकि गर्म वातावरण में कीड़े तेजी से बढ़ते हैं। कीड़ों के प्रवास के लिए प्राकृतिक चयन के सिद्धांत को जिम्मेवार माना जा रहा है। लुंड विश्व-विद्यालय की सुसैन एकीसन के अनुसार, प्रवास के पीछे मुख्य रूप से अनुवांशिक और आहार प्रणाली जिम्मेवार होते हैं। चीन से निकला कोरोना विषाणु कोविड-19 भी दूषित आहार प्रणाली का कारक माना गया था। चमगादड़ या पेंगोलिन को चीनियों द्वारा आहार बनाए जाने के कारण यह पहले चीनियों और फिर हवाई व जलीय जहाजों की यात्राओं के जरिए दुनिया में फैल गया था। वैज्ञानिकों का दावा है कि यदि वैश्विक तापमान बढ़ता है तो उसी अनुपात में इनकी संख्या में बढ़ोतरी होना तय है। क्योंकि गर्म वातावरण इनके पनपने में अनुकूल रहता है। इसलिए यदि तापमान बढ़ने का सिलसिला निरंतर बना रहता है तो यह हिमालय के पारिस्थितिकी तंत्र को तो खंडित करेगा ही, दुनियाभर के परिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित करते हुए मानव समुदायों के लिए अत्यंत हानिकारक साबित होगा।



**प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# ग्राम पिपलिया नंबर एक में अखण्ड महानाम संकीर्तन का भव्य आयोजन

रुद्रपुर। ग्राम पिपलिया नंबर एक में आयोजित श्री श्री अखण्ड महानाम संकीर्तन के दौरान पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आई कीर्तन मंडलियों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से समां बांध दिया और उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संकीर्तन समारोह में पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने भगवान के दरबार में मत्था टेककर क्षेत्र की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान आयोजन समिति द्वारा मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया गया और उन्हें श्रद्धा के प्रतीक के रूप में अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजकुमार ठुकराल ने धार्मिक आयोजनों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि संकीर्तन से न केवल आत्मिक शांति मिलती है, बल्कि समाज में आपसी भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए इसे भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य सुखदेव हाल्दार, अंति बठला, ओमियो कुमार, जीवन कुमार, सूरज विश्वास, अतुल पोद्दार, हरीपद राहा, विमल विश्वस, श्याम बाला, जयदेव, किशोर बाला, सुभाष व्यापारी, रवि सरकार, मनोरंजन साना, विभूती विश्वास, निताई हाल्दार, जयदेव राहा, जतीश बाला, गुरूचांद ढाली, गौतम विश्वस, राकेश बाला, भवेन्द्र राय, चेतन मैत्र, वरूण हाल्दार, राज राहा, पिंकू राय, विजय मंडल, दीपांकर मण्डल, मनोज विश्वास, नवीन सरकार, मनीष विश्वास और तुषार बाला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# बियरशिबा स्कूल में मेधावी छात्रों का सम्मान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बियरशिबा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को कक्षा 10वीं के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भावपूर्ण स्वागत गीत के साथ हुआ, जिसने उपस्थित जनसमूह को उत्साह से भर दिया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा मेधावियों को ट्रॉफी और मोमेंटो प्रदान कर उनकी शैक्षिणिक उपलब्धियों को सराहा गया।समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में, 10वीं की परीक्षा में 92 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को श्एन०एन०डी० भट्ट मेमोरियल स्कॉलरशिप फॉर एक्सिलेंसश से नवाजा गया। यह छात्रवृत्ति विद्यालय की संस्थापिका व प्रबन्धिका निरूपमा भट्ट तलवार और प्रबंधक तिलक राज तलवार द्वारा प्रदान की गई। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी उपहार भेंट कर उनके निरंतर सहयोग और योगदान की सराहना की।प्रधानाचार्या मीना सती ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके माता-पिता को बधाई देते हुए छात्रों को भविष्य में भी इसी कड़ी मेहनत के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। छात्रवृत्ति प्राप्त कर विद्यार्थी और उनके अभिभावक अत्यंत हर्षित नजर आए और उन्होंने इस प्रोत्साहन हेतु विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सीनियर कॉर्डिनेटर निशी वर्मा द्वारा किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर उप-प्रधानाचार्य एच.एस. बब्बर, प्रशासिका निशा सिंह, सलाहकार के. दत्त, विभागाध्यक्ष अनीता बिष्ट, आनंद बिष्ट सहित समस्त शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।



# किसान ने फंदा लगाकर दी जान

रामनगर (उद संवाददाता)। पीरूमदारा क्षेत्र में एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस को डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि थारी पीरूमदारा क्षेत्र में एक व्यक्ति फंदे पर लटका मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मृतक की पहचान पान सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी थारी पीरूमदारा के रूप में की।प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि मृतक पान सिंह पेशे से किसान था। बताया जा रहा है कि बीते दिन शाम करीब 8 बजे घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद वह घर से बाहर चला गया था। इसके बाद रविवार को उसकी मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस ने मौके पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया है, ताकि वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाकर घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस परिजनों से भी इस संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शव का पंचायतनामा भर दिया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की स्पष्ट जानकारी मिल पाएगी। फिलहाल मामला जांच के दायरे में है।



# घायल शुभम अधिकारी का जाना हालचाल

हल्द्वानी/लालकुआँ (उद संवाददाता)। लालकुआँ विधानसभा क्षेत्र में बढ़ते नशे के कारोबार और नशा मुक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। इसी क्रम में सामाजिक कार्यकर्ता पीयूष जोशी ने हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी चिकित्सालय पहुंचकर गंभीर हालत में भर्ती युवक शुभम अधिकारी का हालचाल जाना और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पूरे मामले की विस्तृत जानकारी ली।शुभम अधिकारी वही नाबालिग युवक है जिसे नशे की लत छुड़ाने के लिए उपचार हेतु एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था। वर्तमान में उसकी हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है और वह अस्पताल में वेंटिलेटर सपोर्ट पर उपचाराधीन है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि नशा मुक्ति केंद्र में उसके साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार किया गया, जिसके चलते उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिवार ने यह भी शिकायत की है कि मामले में अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है और संबंधित केंद्र के सीसीटीवी फुटेज की भी गहनता से जांच नहीं की गई है।अस्पताल में पीयूष जोशी ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और बेहतर इलाज का भरोसा दिलाया। उन्होंने पूर्व प्राचार्य एवं मेडिकल सुपरिंटेंडेंट अरुण जोशी से वार्ता कर युवक के समुचित उपचार की मांग की। इस पर अरुण जोशी ने आश्वस्त किया कि आयुष्मान योजना की सीमा समाप्त होने के बाद भी चौरिटी व्यवस्था के माध्यम से इलाज जारी रखा जाएगा ताकि परिवार पर आर्थिक बोझ न पड़े। पीयूष जोशी ने इस घटना को समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी बताया। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर नशा मुक्ति केंद्र के सीसीटीवी फुटेज तत्काल खंगाले जाएं और दोषी पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने क्षेत्र की जनता और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे नशे के अवैध कारोबार और लापरवाह संस्थाओं के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक जनअभियान चलाएं ताकि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित किया जा सके।।

## पेज एक का शेष...

**एसी ब्लास्ट से नौ...** मुताबिक, आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। एहतियात के तौर पर आसपास के इलाके को खाली करा लिया गया है और जांच एजेंसियां मामले की गहनता से पड़ताल कर रही हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि विवेक विहार की यह घटना अत्यंत दुखद है और 9 लोगों की मृत्यु से मन व्यथित है। मुख्यमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि शोक संतप्त परिवारों को यह कठिन समय सहने की शक्ति प्रदान करें।

**विधायक पांडेय स्थिति...**गर्मा दिया है। जहां एक ओर विपक्ष इसे सरकार के अंदरूनी मतभेदों का संकेत बता रहा है, वहीं भाजपा इसे साजिश करार देते हुए तथ्यों के सामने आने का इंतजार कर रही है। भाजपा ने अंत में स्पष्ट किया है कि पार्टी पूरी तरह एकजुट है और किसी भी तरह के भ्रम या अफवाह को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पार्टी नेतृत्व ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता प्रदेश व देश के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और संगठन की एकता सर्वोपरि है।

**चंपावत में दस दिवसीय...**दौरान 10 दिनों तक विभिन्न विभागों की विकास प्रदर्शनी, स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल, पारंपरिक हस्तशिल्प उत्पाद एवं उत्तराखंड के प्रसिद्ध स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहेंगे। यह आयोजन न केवल क्षेत्रीय संस्कृति के संरक्षण का माध्यम बनेगा, बल्कि स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। महोत्सव की 'स्टार नाइट' श्रृंखला का शुभारंभ 04 मई को प्रसिद्ध लोक गायक दर्शन फर्स्वाण, गोविंद दिगारी एवं खुशी दिगारी की प्रस्तुतियों के साथ होगा, जो अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। 5 मई को उत्तराखंड की स्वर कोकिला माया उपाध्याय, लोकप्रिय गायक इंदर आर्य एवं नीरज चुफाल मंच की शोभा बढ़ाएंगे। इन कलाकारों की लोकप्रियता को देखते हुए भारी संख्या में दर्शकों के पहुंचने की संभावना है, जिसके लिए व्यापक सुरक्षा एवं बैठने की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। 6 मई की सांस्कृतिक संध्या भी अत्यंत भव्य होगी, जिसमें श्वेता महारा, फौजी ललित मोहन जोशी, स्वामी भट्ट, सौरभ मैठानी एवं हरि जोशी जैसे ख्याति प्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से समा बांधेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रेमा पाण्डेय ने कहा कि यह महोत्सव हमारी समृद्ध लोक संस्कृति को सहेजने, संवारने और जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। नगर पालिका प्रशासन एवं समस्त वार्ड सभासदों ने जनपदवासियों एवं पर्यटकों से अपील की है कि वे अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव की शोभा बढ़ाएं तथा उत्तराखंड की लोक परंपराओं का आनंद लें।

**आंधी का कहर...**की बात यह रही कि रेस्क्यू किए गए सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं। फ्लोटिंग हटमेंट के साथ इस तरह की घटना पहली बार नहीं हुई है। इससे पूर्व मई 2019 में भी झील का जलस्तर कम होने और हवा के दबाव के चलते हटमेंट का आधा हिस्सा पानी में डूब गया था, जिसे निकालने में करीब एक सप्ताह का समय लगा था। उल्लेखनीय है कि लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से वर्ष 2015 में इन फ्लोटिंग हटमेंट का निर्माण कार्य पूरा हुआ था। वर्ष 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत के कार्यकाल के दौरान यहां कैबिनेट बैठक का भी ऐतिहासिक आयोजन किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी टिहरी से पूरे मामले का विस्तृत ब्योरा लिया है। शासन ने प्रकरण की जांच के लिए एक कमेटी गठित करने के आदेश दिए हैं जो हटमेंट के टूटने के तकनीकी कारणों और सुरक्षा मानकों की जांच करेगी। साथ ही भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस सुझाव भी मांगे गए हैं।

**रोडवेज बस और ..**वाहनों के पलटने के कारण हाईवे पर लंबा जाम लग गया, जिससे उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा की ओर जाने वाली गाड़ियां आधे घंटे तक फंसी रहीं। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, जिसे सुनकर स्थानीय राहगीर मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के अनुसार, महिलाएं हरचंदपुर से मंगलौर की ओर आ रही थीं और ट्रॉली में करीब 15 महिलाएं व अन्य लोग सवार थे। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहाँ 12 महिलाओं की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि अन्य को मामूली चोटें आई हैं। मंगलौर पुलिस का कहना है कि वर्तमान में घायलों का उपचार चल रहा है। पुलिस ने बताया कि अभी तक मामले में किसी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन तहरीर मिलते ही आरोपी बस चालक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**कार की टक्कर से ...**घायल हो गये। लोगों ने दोनों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। इसी दौरान कार चालक के परिचित भी वहां आ गये और उन्होंने चिकित्सालय पहुंचकर घायल सुभाष व बुजुर्ग यात्री का हालचाल जाना। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को वापस भेज दिया गया।

**आपरेशन नाइट ...**तहत हिरासत में लिया गया। एसएसपी ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, जिससे यह साफ हो गया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के लिए शहर में कोई जगह नहीं है।

# भूसे से भरी ट्रॉली में लगी आग पर फायर टीम ने पाया काबू

किच्छा। कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में अज्ञात कारणों के चलते भूसे से भरी ट्रॉली में अचानक आग लग गई। दमकल टीम ने समय पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया और ट्रैक्टर में आग लगने से बच गई। जानकारी के अनुसार ग्राम मलपुरा निवासी ट्रैक्टर स्वामी शिव कुमार के ट्रैक्टर संख्या यूके 06 बी एच 0283 को चालक धर्मवीर भूसे से भरी ट्रॉली जोड़कर ग्राम मलपुरा से आजाद नगर की तरफ ले जा रहा था। अचानक भूसे की ट्रॉली में आग लगने से हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में आग की तेज लपटें ट्रॉली उठने लगी। ट्रैक्टर चालक धर्मवीर ने वाहन से कूद कर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना पर दमकल प्रभारी मदन सिंह के नेतृत्व में फायरमैन दीपक बसेड़ा, फायरमैन संजय सिंह, फायरमैन भवान सिंह की टीम तुरंत दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाते हुए ट्रैक्टर में आग लगने से बचा लिया। आग लगने के कारणों का कोई पता नहीं चल सका है। फिलहाल आग बुझने के बाद सभी ने राहत की सांस ली और दमकल टीम का आभार जताया।



# महाराणा प्रताप जयंती को भव्य बनाने की तैयारी

नानकमत्ता। क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह राणा ने ग्राम नगला में ग्रामीणों के साथ एक महत्वपूर्ण कर आगामी 9 मई को महाराणा प्रताप जयंती को भव्य और ऐतिहासिक रूप से मनाने की रणनीति तैयार की। विधायक ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक वीर योद्धा ही नहीं, बल्कि स्वाभिमान, त्याग और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं। उनकी जयंती को पूरे सम्मान और उत्साह के साथ मनाना हम सभी का कर्तव्य है, ताकि नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा मिल सके। बैठक में यह भी तय किया गया कि नगला चौराहे पर महाराणा प्रताप की मूर्ति का विधिवत अनावरण किया जाएगा। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। ग्रामीणों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।इस मौके पर पूर्व प्रधान मुल्ली सिंह राणा, जेल सिंह, नरेन्द्र सिंह पिंटू, राम नरेश राणा, हरनाम सिंह, बलवंत सिंह उपस्थित रहे।



# ईंट भट्टों की आड़ में अवैध मिट्टी खनन की छूट

सितारगंज। ईंट भट्टों की अनुमति की आड़ में सितारगंज से लेकर नानकमत्ता तक अवैध मिट्टी खनन का धंधा चरम पर हैं। उद्योग में ईंट निर्माण की आड़ में अवैध मिट्टी खनन बाजारों में अनैतिक ढंग से बिक्री किया जा रहा हैं। रात के अंधेरे में भी सितारगंज और नानकमत्ता में खेत, खलिहान और नदियों को खोदा जा रहा हैं। अभय मिट्टी खनन माफियाओं ने गोरख धंधे को चरितार्थ करने के लिए नए नए पैंतरे निकाल लिए हैं। सितारगंज और नानकमत्ता क्षेत्र में कई ईंट के उद्योग संचालित हो रहे हैं। अवैध मिट्टी माफियाओं की नजर ईंट भट्टों पर पड़ गई हैं। माफिया ईट भट्टों के लिए नियमानुसार मिट्टी उठान प्रक्रिया का दुरुप्रयोग कर अवैध मिट्टी खनन करने में जुट गए हैं। परमिशन की आड़ में अवैध मिट्टी खनन के वाहन बाजारों में बिक्री कर ईंट उद्योग के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। प्रशासन को भी माफिया अनुमति की आड़ लेकर चकमा देने में लगे पड़े हैं। इसके अलावा सितारगंज और नानकमता क्षेत्र में खेत नदियों किनारे रात के अंधेरे में भी अवैध मिट्टी खनन का कार्य धड़ल्ले से चल रहा है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'साइबर ठगों' के मकड़ जाल में 'तराई की तरुणाई'

## मोटे कमीशन का लालच देकर साइबर अपराध के सिंडिकेट में शामिल किये जा रहे किशोर साइबर ठगी की रकम को रफा दफा करने में सीएससी सेंटर के संचालकों का भी बड़ा रोल

- अर्श-

रुद्रपुर। उधम सिंह नगर जिले में किशोरों में ऑनलाइन गेमिंग तथा सूखे एवं रासायनिक नशे की लत से पहले से ही परेशान अभिभावकों के सामने अब एक नई मुसीबत आन खड़ी हुई है, क्योंकि उधम सिंह नगर जिले के युवकों को पैसों का लालच देकर बड़े ही सुनियोजित तरीके से साइबर ठगी के मकड़ जाल में फंसाया जा रहा है। साइबर ठगी के इस समूचे सिलसिले में साइबर ठगों के स्थानीय एजेंट द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद युवाओं का पहले तो बैंक में खाता खुलवाया जाता है उसके बाद उन खातों से साइबर ठगी की रकम का लेनदेन किया जाता है और बदले में खाताधारी युवकों को मोटा कमीशन दिया जाता है। सारे सिलसिले को इतनी होशियारी से अंजाम दिया जाता है कि पुलिस कार्यवाही की स्थिति में मुख्य कर्ताधर्ता पूरी तरह सुरक्षित बच जाता है और साइबर ठगी के लिए अपना खाता उपलब्ध कराने अथवा बैंक खाता किराए से देने वाले युवक पुलिस की गिरफ्त में आ जाते हैं। पिछले दिनों जिला मुख्यालय से लगे दिनेशपुर में दिल्ली पुलिस की साइबर सेल की दबिश और दिनेशपुर कस्बे के पांच युवकों की गिरफ्तारी साइबर ठगों की इसी कार्य प्रणाली को स्पष्टतया रेखांकित करती है। उपरोक्त प्रकरण में गिरफ्तार युवकों के परिजनों को इस बात की बिल्कुल भी भनक नहीं थी कि उनके लाडले क्या गुल खिला रहे हैं ? लेकिन जब पुलिस ने कार्रवाई की और असलियत सामने आई, तो उनके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई और वे रोते बिलखते नजर आए। उधम सिंह नगर जनपद में इससे पूर्व भी ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। कुछ मामलों में तो जनपद में



संचालित सीएससी सेंटर ही साइबर अपराधियों की टूलकिट की तरह काम करते पाए गए हैं। उत्तरांचल दर्पण खोजबीन में सामने आया है कि कई सीएससी सेंटर भी साइबर अपराधियों के संपर्क में होते हैं और वह ठगी की रकम को इधर-उधर करने में साइबर ठगों की सहायता करते हैं। कई बार तो सीएससी सेंटर के संचालक साइबर ठगी की रकम किसी सामान्य या अनजान खाता धारक के खाते में ऑनलाइन डाल देते हैं। इसके अलावा कुछ मामलों में तो सीएससी सेंटर के संचालक व्यक्तियों के अशिक्षित अथवा कम शिक्षित होने का भी फायदा उठाते देखे गए हैं। दिनेशपुर में ही सीएससी सेंटर की धोखाधड़ी का शिकार हुए विकास कुमार ने उत्तरांचल दर्पण को बताया कि उन्होंने लगभग 8 महीने पहले अनन्या कंप्यूटर के नाम से संचालित सीएससी सेंटर के संचालक को अपने खाते में पचास हजार रुपया डालने के लिए कमीशन सहित नकदी भुगतान किया था, मगर सीएससी सेंटर के संचालक ने उनके खाते में साइबर फ्रॉड के जरिए प्राप्त राशि डाल दी। जिसके चलते अगले ही दिन उनका खाता सीज हो गया। मजे की बात तो यह है कि जब विकास कुमार ने सीएससी सेंटर के संचालक से अपनी रकम वापस करने और वापस न करने की स्थिति में कानूनी कार्यवाही की बात की तो सीएससी सेंटर का संचालक सेंटर स्थाई रूप से बंद करके रफू चक्कर हो गया। वहीं जिला न्यायालय के प्रैक्टिशनर लॉयर दिनेश गुप्ता एडवोकेट ने उत्तरांचल दर्पण से हुई चर्चा के दौरान बताया कि पहले उनके पास आने वाले साइबर अपराध से संबंधित अधिकतर मामले बिहार और दक्षिण भारत की पृष्ठभूमि के होते थे, लेकिन अब तो देश के विभिन्न क्षेत्रों के साइबर ठगी से संबंधित मामले उनके पास पहुंच रहे हैं। उनके अनुसार ज्यादातर मामले धोखे से या अनजाने में खाते में रकम ट्रांसफर से संबंधित होते हैं तथा कुछ मामले खाते को किराए पर देने से भी संबंधित होते है।

# शिवालिक बेलोड्रम में राष्ट्रीय अस्मिता वूमेन लीग का शानदार शुभारंभ






रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शिवालिक बेलोड्रम रुद्रपुर में अस्मिता वूमेन लीग राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025-26 का विधिवत शुभारंभ हो गया है। दो दिवसीय इस राष्ट्रीय स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तराखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डीके सिंह एवं जिला खेल पदाधिकारी उधम सिंह नगर जानकी कार्की द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग ऑफ कर किया गया। साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं खेलो इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस गौरवशाली प्रतियोगिता की मेजबानी उत्तराखंड साइकिलिंग एसोसिएशन द्वारा की जा रही है। आयोजन के पहले दिन उत्तराखंड साइकिलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल चौधरी, महासचिव दिवेश पांडे, संयुक्त सचिव विजय पाठक के साथ ही साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव शैलेंद्र पाठक और नीरज तंवर सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न जोन से आए खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से बुलंदियों का परचम लहराया। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों और जोन से कुल 249 महिला प्रतिभागी भाग ले रही हैं। दो दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु साइकिलिंग फेडरेशन की ओर से तमिलनाडु से तकनीकी अध्यक्ष एस गायत्री और दिल्ली से रेस डायरेक्टर विजय नारायण सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनके साथ ही दर्जनों तकनीकी अधिकारी प्रतियोगिता को निष्पक्ष और सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।पहले दिन के मुकाबलों में वूमेन जूनियर श्रेणी की इंडिविजुअल टाइम ट्रायल 1 किमी दौड़ में ईस्ट जोन की देवी चाबुकधारा ने 01:19.720 समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। इसी श्रेणी में ईस्ट जोन की ही सबीना कुमारी ने रजत और नॉर्थ जोन की भूमिका ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वूमेन जूनियर की 7.5 किमी स्क्रैच रेस में भी देवी चाबुकधारा ने 13:31.309 समय के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, जबकि नॉर्थ जोन की भूमिका को रजत और ईस्ट जोन की निकिता सोरेंग को कांस्य पदक मिला। वूमेन एलीट श्रेणी की 10 किमी स्क्रैच रेस में ईस्ट जोन की रजिया देवी ने 18:31.777 समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि नॉर्थ जोन की चयनिका गोगोई ने रजत और वेस्ट जोन की शिया लालवानी ने कांस्य पदक जीता। सब जूनियर श्रेणी की 5 किमी स्क्रैच रेस में नॉर्थ जोन की अंजली जाखड़ ने 09:14.437 समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया, वहीं वेस्ट जोन की गायत्री तांबेकर ने रजत और ईस्ट जोन की आभा सोमन ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में महिला खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और विभिन्न वर्गों में पदकों के लिए कशमकश जारी रही।

# तीन शातिर लुटेरे गिरफ्तार, तमंचे बरामद

रामनगर (उद संवाददाता)। पुलिस ने तमंचे की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। एसएसपी नैनीताल के सख्त निर्देशों के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस घटना का खुलासा किया। जानकारी के अनुसार 29 अप्रैल 2026 को तुमड़िया डाम द्वितीय मालधन चौड़ निवासी सुरजीत सिंह अपने पुत्र के साथ वाहन से घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में स्कूटी सवार बदमाशों ने उनका पीछा कर वाहन रुकवाया और तमंचा तानकर मारपीट करते हुए 10 हजार रुपये व मोबाइल फोन लूट लिया था। पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज करने के बाद एसएसपी मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने सुरागरसी के आधार पर शनिवार को आमपोखरा रेंज क्षेत्र से तीन अभियुक्तों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आयुष चन्याल उर्फ अंशु, अनिल बिष्ट और प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से तीन अवैध 315 बोर तमंचे, घटना में प्रयुक्त स्कूटी और 7200 रुपये की नकदी बरामद की है। बरामदगी के आधार पर आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी अलग से मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में अपराध और गुंडागर्दी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



# अवैध नशा मुक्ति केंद्र की लापरवाही से नाबालिग की हालत गंभीर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना क्षेत्र में बिना पंजीकरण संचालित हो रहे एक नशा मुक्ति केंद्र की बड़ी लापरवाही सामने आई है, जहाँ उपचार के नाम पर भर्ती एक नाबालिग की हालत अत्यंत गंभीर हो गई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्र की संचालिका के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, विठोरिया नं. 1, मल्ली बमोरी निवासी श्रीमती जया अधिकारी ने थाना मुखानी में लिखित तहरीर दी कि उनका 17 वर्षीय पुत्र शुभम अधिकारी नशे की लत से ग्रसित था। उसके उपचार हेतु उन्होंने लगभग दो माह पूर्व उसे संकल्प नशा मुक्ति समिति में भर्ती कराया था। पीड़िता के अनुसार, 21 तारीख को जब वह अपने पुत्र से मिलने गई थीं, तब वह सामान्य था, लेकिन उसी दिन बाद में उन्हें सूचना दी गई कि उनका पुत्र बेहोश हो गया है और उसे सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया है। अस्पताल पहुंचने पर वादिनी को केंद्र का कोई भी प्रतिनिधि वहां मौजूद नहीं मिला। चिकित्सकीय जांच में पता चला कि नाबालिग के किडनी और लीवर गंभीर रूप से प्रभावित हो चुके हैं और वह वर्तमान में वेंटिलेटर सपोर्ट पर है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन और एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल के पर्यवेक्षण में पुलिस ने जब मामले की जांच की, तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जांच अधिकारी उप निरीक्षक अविनाश मौर्य ने पाया कि उक्त नशा मुक्ति केंद्र बिना किसी कानूनी पंजीकरण के अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। साथ ही, एक नाबालिग को अवैध रूप से संरक्षण में रखकर उपचार करने में भारी लापरवाही बरती गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संचालिका आयुषी कपिल पुत्री अरुण कपिल, निवासी लामाचौड़ के विरुद्ध धारा 125 बीएनएस और मानसिक स्वास्थ्य देखरेख अधिनियम 2017 की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले की गहनता से पड़ताल कर रही है।